टायर होंगे 10 फीसदी महंगे

नई दिल्ली | तमाम मोटर वाहनों, मोटरसाइकिलों और साइकिलों में लगने वाले टायर शीघ्र ही 10 फीसदी महंगे हो जाएंगे। दअसल, इसके निर्माण में काम आने वाले महत्वपूर्ण केमिकल डाइमिथाइल ब्यूटल (जिसे आमतौर पर 6पीपीडी के नाम से जानते हैं) पर 30 फीसदी की सेफगार्ड ड्यूटी लगने वाली है। इसकी सिफारिश वित्त मंत्रालय के डीजी सेफगार्ड ने की है। इस पर वाणिज्य मंत्रालय की सहमति मिल गई है। कुछ ही दिनों में इस बारे में केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीईसी) की ओर से अधिसूचना जारी हो जाने की संभावना है।